**Regarding alleged infiltration of Rohingyas in the country.-laid**

**डॉ. मन्ना लाल रावत (उदयपुर) :** रोहिंग्या घुसपैठियों द्वारा अवैध रूप से देश की सीमा में प्रवेश कर रहे हैं और अपने पहचान प्रमाण पत्रों को फर्जी तरीके से तैयार कर रहे हैं, छद्म रूप से नाम व धर्म बदल कर अनैतिक कार्यों मे संलग्न पाए गये है । इन अवैध घुसपैठियों के कारण कई रूपों मे राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियों उत्पन्न हो रही है, जो हम सबके लिए गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है । सरकार से आग्रह है कि देश की आंतरिक सुरक्षा की इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर इनके द्वारा बनाये गए आधार कार्ड की जाँच करने, आधार के आवेदन के दौरान दिये गए दस्तावेजो की प्रमाणिकता की जाँच करने एवं फर्जी तरीके से दस्तावेज बनाने वाले आधार संचालक आदि के विरुद्ध कठोर क़ानूनी कार्यवाही की जावे और इस गंभीर मुद्दे पर शीघ्र कार्रवाई की जाए, जिससा राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके ।